4188

37

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 20000

बीस हजार रुपये

TWENTY THOUSAND RUPEES

Rs. 20000

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

741764

16 MAY 2000

# लेखपत्र का संक्षिप्त विवरण

1– भूमि का प्रकार – कृषि भूमि

2– वार्ड परगना –

3– मौहल्ला/ग्राम – ग्राम नंगलाताशी कासमपुर परगना तहसील व जिला मेरठ

4– सम्पत्ति का विवरण – 0.0840 हैक्टेयर भूमि स्थित खसरा संख्या 165मि0 ग्राम – नंगलाताशी कासमपुर परगना तहसील व जिला मेरठ

5– मापन की ईकाई ( हैक्टेयर/ वर्गमीटर) – हैक्टेयर

6– सम्पत्ति का क्षेत्रफल – 0.0840 हैक्टेयर

7– सड़क की स्थिति – दिल्ली – देहरादून बाईपास मेरठ से 100 मीटर से अधिक अन्दर की ओर स्थित है।

8– सम्पत्ति का प्रकार – कृषि भूमि

9– स्थिति – कृषि भूमि

10– प्रतिफल की राशि – अंकन 10,08,000–(दस लाख आठ हजार रुपये केवल )

प्रथम पक्ष की संख्या.– 1

1–कालू राम गिल पुत्र श्री तिरखा राम निवासी 472, पटेल नगर, कैराना स्टैण्ड शामली जिला मु0 नगर

व्यवसाय :– कृषि

(कालूराम गिल)

द्वितीय पक्ष की सख्यां –1

नाम –एपैक्स प्रोपमार्ट प्रा0 लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर अतुल गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी 39/16 शिवाजी रोड मेरठ

व्यवसाय :–

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 25000 पच्चीस हजार रुपये

Rs. 25000 TWENTY FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

A 026538

16 MAY 2009
विक्रय पत्र

विक्रय पत्र मूल्य अंकन :– 10,08,000/– रुपये ।।

स्टाम्प शुल्क अंकन :– [illegible]/– रुपये ।।

विक्रीत भूमि :– भूमिधरी क्षेत्रफल 0.0840 हैक्टेयर मध्ये खसरा न0 165 मि0 खाता संख्या 00070 स्थित ग्राम नंगलाताशी कासमपुर परगना , तहसील व जिला मेरठ है, विक्रीत भूमि कृषि भूमि है और समस्त राजस्व अभिलेखों में कृषि भूमि के रूप में अंकित है और अन्य प्रयोजन के लिये विक्रय की जा रही है, चूंकि भूमि डैवलपर द्वारा क्रय की जा रही है इसलिये श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, मेरठ द्वारा जारी सर्किल रेट दिनांक 01–08–2008 के पेज संख्या 111 पर अंकित क्रमसंख्या 901 पर अंकित ग्राम नंगलाताशी कासमपुर के लिये निर्धारित सर्किल रेट के अनुपालन में अन्य प्रयोजन का स्टाम्प अदा किया जा रहा है । विक्रीत भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग या जनपदीय मार्ग पर स्थित नहीं है जो नगर निगम सीमा के अन्दर स्थित है जिसका अन्य प्रयोजन के लिये सर्किल रेट अंकन 1,20,00,000/– रूपये प्रति हैक्टेयर निर्धारित है , जिसकी किस्म जमीन सेवटा है जिसमें कोई बाग अथवा पेड नहीं है विक्रेता तथा क्रेता आदिवासी अनुसूचित जाति या जनजाति का सदस्य नही है , तथा विक्रय विलेख में स्टाम्प अधिनियम की धारा 27(1) का अनुपालन सत्यता पूर्वक किया गया है ।

क्रमश :– 2

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

रु. 25000 पच्चीस हजार रुपये

Rs. 25000 TWENTY FIVE THOUSAND RUPEES

सत्यमेव जयते

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

A 026539

16 MAY 2009

(2)

विक्रय पत्र ओर से कालू राम गिल पुत्र श्री तिरखा राम निवासी 472, पटेल नगर , कैराना स्टैण्ड, शामली, मुजफ्फर नगर के है

जोकि कुल विक्रीत भूमि 0.0840 हैक्टेयर स्थित खाता संख्या 00070 खसरा न0 165 मि0 स्थित ग्राम नंगलाताशी कासमपुर परगना , तहसील व जिला मेरठ का मै एकमात्र स्वामी एवं विक्रयाधिकारी एवं भूमिधर हूँ और समस्त राजस्व अभिलेखों में मेरा नाम पूर्ण स्वामी के रूप में अंकित है। । उपरोक्त भूमि – भूमिधरी आज की तिथि तक प्रत्येक प्रकार के ऋण तथा भार आदि से उऋण एवं वैधानिक त्रुटियों एवं दोषों आदि से मुक्त तथा रहित है और मुझे पूर्ण स्वामी होने के नाते उपरोक्त भूमि – भूमिधरी को विक्रयपत्र आदि द्वारा हस्तान्तरित करने के समस्त स्वामित्व एवं अधिकार प्राप्त है कोई वैधानिक त्रुटि अथवा दोष मेरे विक्रयाधिकारों में बाधक नहीं है । मैने, उपरोक्त भूमि – भूमिधरी की जमानत पर कोई करजा या उधार किसी बैंक या सोसायटी या किसी वित्तीय संस्था सरकारी या गैर सरकारी से प्राप्त नहीं कर रखा है और नाहि उपरोक्त भूमि – भूमिधरी के सम्बन्ध में कोई वाद विवाद किसी न्यायालय मे विचाराधीन है अतः उपरोक्त विक्रीत भूमि–भूमिधरी को उससे सम्बन्धित समस्त अधिकार स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि आदि सहित चाहे उसका वर्णन इस विक्रयपत्र में किया गया हो अथवा न किया गया हो स्थिर मस्तिष्क व स्वस्थ इन्द्रियों की दशा में अंकन 10,08,000/– ( दस लाख आठ हजार रूपये ) कि आधे

(कालू राम गिल)

क्रमश :– 3

भारतीय गैर न्यायिक INDIA NON JUDICIAL

भारत

एक हजार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

रु.1000 Rs.1000

INDIA

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

14 MAY 2009

(3) मेरठ

F 798806

जिसके अंकन 5,04,000/– ( पाँच लाख चार हजार रुपये ) होते हैं विक्रय मूल्य के उपलक्ष्य में हस्ते मैसर्स एपैक्स प्रोपमार्ट प्रा0 लिमिटेड (ए कम्पनी इनकोरपोरेटेड अन्डर कम्पनीज एक्ट 1956, कम्पनी – ( आई डी न0 यू45400–यूपी2007–पीटीसी033157) रजिस्टर्ड आफिस 312, मेरठ मॉल , दिल्ली रोड, मेरठ द्वारा डायरेक्टर अतुल गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी 39/16, शिवाजी रोड ,मेरठ को विक्रय कर दी है और बेच डाली और समस्त विक्रय मूल्य क्रेता महोदय से निम्न प्रकार प्राप्त करके उपरोक्त भूमि – भूमिधरी को अपने अधिकार स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकालकर क्रेता महोदय के अधिकार स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि में देकर उनको व्यक्तिगत स्वामी, भूमिधर एवं वास्तविक अधिकारी बना दिया और अब मुझ विक्रेता का कोई सम्बन्ध किसी भी प्रकार का विक्रीत भूमि – भूमिधरी से शेष नहीं रहा और न भविष्य में होगा । वास्तविक परिवर्तन कार्यान्वित हुआ यह विक्रय विलेख पूर्णतया उचित , वैधानिक एंव सर्वमान्य है और प्रयोग होने योग्य है । स्थल पर अधिपत्य भूमि – भूमिधरी का क्रेता को दे दिया है क्रेता विक्रीत भूमि – भूमिधरी को अपने प्रयोग में लाने तथा उसको अपनी इच्छानुसार इस्तेमाल करने के अधिकारी रहेगें और दाखिल खारिज कराकर कागजात माल में अपना नाम पूर्ण स्वामी के रूप में अंकित करा लेने के अधिकारी रहेगें यदि कागजात माल में नाम अंकित कराने के सम्बन्ध में अगर मेरी कहीं भी अनुमति या दस्तखतों व सहमति वगैरा की आवश्यकता होगी तो उसमें मुझे कोई आपत्ति

(काालू राम सिंह)

क्रमशः :– 4

नहीं होगी । यदि अब अथवा भविष्य में विक्रीत भूमि – भूमिधरी अथवा उसका अंश किसी वैधानिक त्रूटिवश अथवा दोषवश केता महोदय के अधिकार स्वामित्व एवं अधिपत्य आदि से निकल जायेगा या कोई ऋण अथवा भार विकीत भूमि – भूमिधरी पर पाया जायेगा और क्रेता महोदय को अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिये चुकता करना पड जायेगा या विक्रय पत्र मिलकियत में कमी पाये जाने के कारण किसी न्यायालय द्वारा गलत सिद्व हो जायेगा तो ऐसी प्रत्येक वैधानिक दशा में क्रेता को अधिकार प्राप्त होगा कि अपना समस्त विकय मूल्य अथवा उसका अंश जैसी भी दशा हो मय क्षति व खर्चा बैनामा व बाजारी ब्याज व वाद व्यय सहित मुझ विक्रेता एवं मेरे उत्ताराधिकारीगन की चल व अचल सम्पत्ति से जिस प्रकार उचित जाने वापस प्राप्त कर लें जिसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी । अतः यह विक्रयपत्र लिख दिया गया कि प्रमाणित तथा उपयोगी हो और उचित समय पर काम आवे । इति।

नीजः– क्रेता खसरा नम्बर 165 में पूर्व से ही सहखातेदार है और उपरोक्त भूमि भी खसरा संख्या 165 का भाग है अतः क्रेता उपरोक्त भूमि को क्रय करने के उपरान्त उपरोक्त भूमि को अपनी भूमि से मिला लेगा ।

विवरण प्राप्ति विक्रय मूल्य :–

1– अंकन 10,08,000/– (दस लाख आठ हजार रुपये ) नगद समक्ष जनाब सबरजिस्ट्रार महोदय प्राप्त किये ।

(विक्रेता) (कालू राम सैनी)

गवाह :– 1
विनय कुमार S/0 श्री कालूराम
2/149 श्रद्धापुरी, फेज-प्रथम
कंकरखेड़ा, मेरठ

(क्रेता)

गवाह :–2 Sanjay
Sanjay Singhal S/O S.H. Harishchand
R/O A-71 Saraswati Lok, Meerut

लिखित दिंनांक 31–07–2009 मसविदा श्री पंकज यादव दस्तावेज लेखक मेरठ।।

पंकज यादव
दस्तावेज लेखक
मेरठ

सम्पत्ति का फोटो

.क्रेता का नाम व पता :– कालू राम गिल पुत्र श्री तिरखा राम निवासी 472, पटेल नगर , कैराना बस स्टैण्ड शामली जिला मु0 नगर।।

क्रेता का नाम व पता मैसर्स एपैक्स प्रोपमार्ट प्रा0 लिमिटेड (ए कम्पनी इनकोरपोरेटेड अन्डर कम्पनीज एक्ट 1956, कम्पनी – ( आई डी न0 यू45400यूपी2007पीटीसी033157) रजिस्टर्ड आफिस 312, मेरठ मॉल , दिल्ली रोड, मेरठ द्वारा डायरेक्टर अतुल गुप्ता पुत्र श्री रमेश चन्द निवासी 39 / 16, शिवाजी रोड मेरठ ।।

सम्पत्ति की स्थिति :– जोकि विक्रीत भूमि 0.0840 वर्गमीटर स्थित खसरा संख्या 165 मि0 ग्राम नंगलाताशी कासमपुर जिला मेरठ।।




हम एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि उक्त फोटो चित्र उसी सम्पत्ति का है जो इस लेखपत्र द्वारा विक्रीत की जा रही है।

(कालू राम गिल)

विक्रेता का हस्ताक्षर /अंगूठा

क्रेता का हस्ताक्षर /अंगूठा

आज दिनांक 31/07/2009 को

बही सं 1 जिल्द सं 2531

पृष्ठ सं. 233 से 250 पर क्रमांक 4188

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

देश राज सिंह

उप निबन्धक चतुर्थ

मेरठ सदर

31/7/2009